श्री बंशी धर ब्रजवासी, माननीय स°वि°प° से प्राप्त तारांकित
प्रश्न संख्या-1/212/1142 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि - (क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड अंतर्गत लखनदेई नदी के दोनों तरफ बने जमींदारी बांध बहुत ही पतला एवं कई जगह टूटा हुआ है; (ख) क्या यह सही है कि प्रत्येक वर्ष जमींदारी बांध कई जगह टूटे होने की वजह से औराई एवं कटरा प्रखंड के 25 से अधिक पंचायतों के किसानों का फसल बर्बाद एवं आम जन जीवन प्रभावित होता है; (ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड में लखनदेई नदी के दोनों तरफ मजबूत बांध निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि लखनदेई नदी मुजफ्फरपुर जिला के औराई एवं कटरा प्रखंड अन्तर्गत लगभग 35.00 कि.मी. में प्रवाहित होते हुए बागमती बायें तटबंध के कि.मी. 74.73 पर अविस्थत मोहनपुर स्लूईस गेट के माध्यम से बागमती नदी में प्रवेश कर जाती है। लखनदेई नदी पर जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित अथवा स्वामित्व वाले कोई भी तटबंध अवस्थित नहीं है। लखनदेई नदी के कतिपय स्थलों पर अधिकांशतः स्पॉयल बैंक एवं मनरेगा द्वारा निर्मित एवं सम्पोषित मेढ़ अवस्थित है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है एवं कई जगहों में क्षतिग्रस्त है। बाढ़ अवधि में बागमती नदी एवं लखनदेई नदी में एक साथ जलस्तर के वृद्धि के क्रम में बागमती बायें तटबंध के कि.मी. 74.73 पर अवस्थित मोहनपुर स्लूईस गेट को बंद रखने के फलस्वरूप लखनदेई नदी का पानी मुजफ्फरपुर जिला के औराई एवं कटरा प्रखंडों अन्तर्गत कतिपय चौरों में फैल जाता है। अतएव लखनदेई नदी के जलश्राव निकासी हेतु मोहनपुर स्लूईस के अलावा वर्तमान में कोई अन्य विकल्प नहीं होने के कारण इस नदी पर तटबंध निर्माण कार्य तकनीकी रूप से संभाव्य नहीं है।

P.T.O

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(मुज0)–06–21 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को 212वें सत्र से प्राप्त ताराकित प्रश्न सं0–01 / 212 / 1142 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(मुज0)–06–21 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(मुज0)–06–21 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(मुज0)–06–21 / 2026– 1575, पटना, दिनांक–25/03/2026,

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
25.03.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo